अधिक जानकारी:

विक्टोरियन सूचना आयोग का कार्यालय (Office of the Victorian Information Commission)
www.ovic.vic.gov.au

स्वास्थ्य गोपनीयता विभाग (Department of Health Privacy)
www.health.vic.gov.au/hsc

आप हमसे दुभाषिए के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

Interpreter

बहरे हैं, कम सुनाई देता है या बोलने में अक्षम हैं? एक्सेसहब (Accesshub) से फ़ोन कॉल करें और फ़ोन कॉल प्राप्त करें।

www.communications.gov.au/accesshub

TTY – 1800 555 630

An Australian Government Initiative

National Relay Service

कृपया इसे भी पढ़ें
“ग्राहक के अधिकार और उत्तरदायित्व” (Client rights and responsibilities)
पुस्तिका

gatewayhealth

हमारे कार्यस्थल

Wangaratta

45-47 Mackay Street Central,
Wangaratta, VIC 3677
फ़ोन: (03) 5723 2000
फ़ैक्स: (03) 5722 2313

Wodonga

155 High Street,
Wodonga, VIC 3690
फ़ोन: (02) 6022 8888
निःशुल्क कॉल: 1800 657 573
फ़ैक्स: (02) 6024 5792

Myrtleford

32 Smith Street,
Myrtleford, VIC 3737
फ़ोन: (03) 5731 3500

ईमेल: info@gatewayhealth.org.au
www.gatewayhealth.org.au

VICTORIA State Government

Australian Government

hacc home and community care

अप्रैल 2019

स्वदेशी कलाकृति “मेकिंग टू वर्ल्ड्स वर्क प्रोजेक्ट 2008” (Making Two Worlds Work Project 2008) के सौजन्य से

gatewayhealth

आपकी गोपनीयता

यह पुस्तिका किस बारे में है?

इस पुस्तिका में बताया गया है कि गेटवे स्वास्थ्य (Gateway Health) आपकी निजी और स्वास्थ्य सूचना कैसे एकत्र करेगा, उसका उपयोग करेगा, साझा करेगा और निजी बनाए रखेगा।

आप मेरे बारे में सूचना क्यों एकत्र करेंगे?

सूचना एकत्र करने से हमें यह जानने में मदद मिलती है कि आपको किन सेवाओं की आवश्यकता है और हम आपके लिए सर्वोत्तम देखभाल की योजना बना सकते हैं।

आपको अपनी सभी स्वास्थ्य सूचना हमें बताने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इससे आपके उपचार की गुणवत्ता और परिणाम बदल सकते हैं।

मेरे बारे में कौन-सी सूचना रखी जाती है?

ऐसी कोई भी सूचना रखी जा सकती है जिसे साझा करने में आपको खुशी हो, इसमें ये शामिल हैं:

- नाम, पता, फ़ोन नंबर
- राष्ट्रीयता और बोली जानेवाली भाषा
- आदिवासिता
- देखभालकर्ता का नाम और पता
- स्वास्थ्य सूचना, जिसमें शामिल हैं: रोग निदान, शल्य-चिकित्सा, चिकित्सा और नर्सिंग, औषधियाँ, पहले के रोग और पारिवारिक चिकित्सा इतिहास
- उन सेवाओं के बारे में विवरण जो हमने आपको प्रदान की हैं
- कोई अतिरिक्त सूचना जो आप हमें देते हैं

मेरी सूचना का उपयोग कौन करेगा?

आपकी देखभाल और उपचार में शामिल लोग।

आपकी सूचना का उपयोग Gateway Health द्वारा योजना, गुणवत्ता सुधार, अनुसंधान और सरकारी एजेंसियों को सूचना देने के लिए भी किया जा सकता है। इसमें कोई संवेदनशील या व्यक्तिगत सूचना शामिल नहीं होगी।

क्या मैं अपने रिकॉर्ड देख सकता/सकती हूँ?

आप अपना मेडिकल रिकॉर्ड देखने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यह निम्नलिखित के अनुसार है:

सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम 1982 (विक्टोरिया) (Freedom of Information Act 1982 (Vic)) स्वास्थ्य अभिलेख अधिनियम 2001 (विक्टोरिया) (Health Records Act 2001 (Vic)

यदि आप अपने ग्राहक अभिलेख को एक्सेस करना चाहते हैं तो कृपया इनसे संपर्क करें:

ग्राहक अभिलेख अधिकारी (Client Records Officer)

155 High Street
Wodonga, Vic 3690

फ़ोन: (02) 6022 8883

आपको शुल्क देना पड़ सकता है।

सूचना साझा करने की सहमति

आपकी सूचना अन्य सेवाओं को तभी दी जा सकती है जब आप हमें बताते हैं कि ऐसा करना ठीक है। इसे सहमति कहते हैं।

जब आप Gateway Health सेवाओं के लिए पंजीकरण करते हैं तो हम आपको सहमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए कहते हैं।

आपको यह अनुरोध करने का अधिकार है कि आपकी सूचना दूसरों को न दी जाए।

आपको अपनी व्यक्तिगत सूचना को निजी रखने का अधिकार है।

Gateway Health मेरी व्यक्तिगत सूचना की सुरक्षा कैसे करता है

आपकी व्यक्तिगत जानकारी और ग्राहक रिकॉर्ड को हार्ड कॉपी दस्तावेज़ों में या हमारे सुरक्षित कंप्यूटर सिस्टम में इलेक्ट्रॉनिक डेटा के रूप में संग्रहीत किया जा सकता है।

इस बारे में हमारे कठोर नियम हैं कि इसे कौन देख सकता है। सभी कर्मचारियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को गोपनीयता नियमों का पालन करना पड़ता है।

कभी-कभी Gateway Health को कानून के अनुसार आपके बारे में सूचना साझा करनी पड़ती है। इसके उदाहरण हैं:

- न्यायालय के आदेश के तहत कानूनी कार्रवाई के मामले।
- सूचित करने योग्य रोगों की सूचना देना।
- बाल शोषण या उपेक्षा की जाँच करना।
- पारिवारिक हिंसा।
- ऐसी स्थितियाँ जहाँ किसी ग्राहक को खुद को या किसी अन्य व्यक्ति को चोट पहुँचाने का जोखिम हो, या जिसकी वर्तमान हालत के कारण उसके निर्णय लेने की क्षमता कम हो गई हो।

मैं निजता के बारे में शिकायत कैसे करूँ?

यदि आपको कोई शिकायत है तो कृपया हमारी किसी भी साइट पर रिसेप्शन पर मिलने वाले Gateway Health फीडबैक फॉर्म को पढ़ें या इसे हमारी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

www.gatewayhealth.org.au

या आप इनसे संपर्क कर सकते हैं:

ऑस्ट्रेलियाई सूचना आयुक्त का कार्यालय (Office of the Australian Information Commissioner)

www.oaic.gov.au
1300 363 992